DELHI TECHNOLOGICAL UNIVERSITY

# DTU
# NOVUS LITTERA

(A Compilation of News featuring DTU fraternity online)





MONTHLY

## DECEMBER 2024















library@dtu.ac.in

www.library.dtu.ac.in.

dtucentrallibrary

# DTU NOVUS LITTERA

library@dtu.ac.in

December 02 , 2024



## IIT का बाप है ये इंजीनियरिंग कॉलेज, होता है बंपर प्लेसमेंट

Read more at:

INDIA.COM

# DTU NOVUS LITTERA

library@dtu.ac.in

December 09 , 2024




## UPSC Success Story: DU से ग्रेजुएट, फिर छोड़ी दी नौकरी; थर्ड अटेम्प्ट में बिना कोचिंग बनीं IAS

Read more at:

pangighatidanikapatrika

# DTU NOVUS LITTERA

library@dtu.ac.in

December 11 , 2024




## दिल्ली: खेल-खेल में पीजी की चौथी मंजिल गिरे दो स्टूडेंट्स की मौत, जवान बेटों का शव देख फफक पड़े दोनों पिता


Read more at:

NAVBHARAT TIMES / INDIAN NEWS / LALLANTOP

# DTU NOVUS LITTERA

library@dtu.ac.in

December 15 , 2024




## Startups founded by DTU alumni - the DTU effect

Read more at : LINKEDIN

# DTU NOVUS LITTERA

library@dtu.ac.in

December 15 , 2024



## IAS सर्जना यादव की सक्सेस स्टोरी यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के. सर्जना यादव ने दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया।

Read more at:

[mns / Navbharat Times]

# DTU NOVUS LITTERA

library@dtu.ac.in

DECEMBER 20 , 2024

# प्रतिभा के दम पर अवसर पैदा करें : एलजी

**दीक्षांत समारोह**

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 39 सौ से अधिक छात्रों को स्नातक, परास्नातक और पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने छात्रों को डिग्री प्रदान की। इनमें 2,894 स्नातक, 809 परास्नातक और 207 पीएचडी डिग्री शामिल है।

उपराज्यपाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों से कहा कि वे केवल मौके का इंतजार न करें बल्कि अपनी प्रतिभा के दम पर अवसर पैदा करें और उनका सही उपयोग कर विजेता बनें। उन्होंने कहा कि आप सभी को अवसरों का सही उपयोग करते हुए विजेता बनना चाहिए। उन्होंने छात्रों को अपने जीवन के प्रत्येक पहलू में जिम्मेदारी निभाने और देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने छात्रों को कृतज्ञता का महत्व बताते हुए कहा कि डिग्रियां केवल पढ़ाई के खर्च की रसीदें हैं। ज्ञान वही है जो दूसरों के प्रति आपके व्यवहार में झलकता है। समारोह में छात्रों, उनके परिवारों और फैकल्टी सदस्यों के साथ ही अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस दीक्षांत समारोह में विभिन्न विषयों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 45 विद्यार्थियों को वाइस-चांसलर गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अनिल काकोडकर ने दीक्षांत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि छात्रों को केवल नौकरी लेने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनना चाहिए। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

डीटीयू के कुलपति प्रो. प्रतीक शर्मा ने दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय की वर्ष 2023-24 की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में विश्वविद्यालय ने बीएससी-एमएससी एकीकृत कार्यक्रम, भू-स्थानिक विज्ञान में मास्टर्स प्रोग्राम और एम.टेक बाय रिसर्च जैसे कई नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं।



दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गुरुवार को आयोजित दीक्षांत समारोह में एलजी विनय कुमार सक्सेना को पुस्तक भेंट करते डीटीयू के कुलपति प्रो.प्रतीक शर्मा।

## प्रतीभ के दम पर अवसर पैदा करे : एलजी

Read more at:

हिंदुस्तान

# DTU NOVUS LITTERA

library@dtu.ac.in

December 20, 2024

# डीटीयू के 3918 स्टूडेंट्स को मिली डिग्री, 45 को गोल्ड मेडल

**विस, नई दिल्ली:** दिल्ली टेक्नलॉजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) के 11वें कन्वोकेशन में 3918 स्टूडेंट्स को डिग्री मिली। इनमें अंडरग्रैजुएट, पोस्टग्रैजुएट और पी एच डी के स्टूडेंट्स शामिल हैं। 45 स्टूडेंट्स को वाइस चांसलर गोल्ड मेडल और 30 स्टूडेंट्स को लगभग 304500 रुपये की स्कॉलरशिप भी दी गई। इस मौके पर दिल्ली के एलजी वी के सक्सेना, जो कि डीटीयू के चांसलर भी हैं, समारोह में पहुंचे।

डीटीयू के दीक्षांत समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा कि इस इंजीनियरिंग इंस्टिट्यूट ने पिछले कुछ वर्षों में असाधारण इंजीनियरों, रिसर्चर्स, इनोवेटर्स और आंत्रप्रेन्योर्स को तैयार किया है। शिक्षा और इनोवेशन के प्रति यूनिवर्सिटी ने एक पीढ़ी को सशक्त बनाया है। डीटीयू के वाइस चांसलर प्रोफेसर प्रतीक शर्मा ने रिसर्च, इनोवेशन और कम्यूनिटी कनेक्ट से जुड़ी अपनी गतिविधियों और यूनिवर्सिटी की उपलब्धियों की रिपोर्ट पेश की।

> **एलजी ने कहा, इस संस्थान ने इनोवेशन के प्रति एक पीढ़ी को सशक्त बनाया**

इस समारोह में एटॉमिक एनर्जी कमिशन के पूर्व चेयरमैन डॉ. अनिल काकोडकर पहुंचे। एलजी ने सामाजिक चुनौतियों से निपटने के लिए अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कम्युनिटी डिवपलमेंट और रिसर्च सेंटर, एक्सीलेंस इन एनर्जी ट्रांजिशन के लिए नोडल सेंटर और डीटीयू इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन फाउंडेशन लॉन्च किया।

## डी टी यू के 3918 स्टूडेंट्स को मिली डिग्री, 45 को गोल्ड मेडल

Read more at:

[NAVBHARAT TIMES](#)

# DTU NOVUS LITTERA

library@dtu.ac.in

**DECEMBER 20 , 2024**




# दिल्ली टैक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी का 11वां दीक्षांत समारोह, 3918 छात्र-छात्राओं को दी गई डिग्रियां - DTU CONVOCATION CEREMONY

**Read more at:**

**etvbharat**

# DTU NOVUS LITTERA

library@dtu.ac.in

December 20 , 2024




## CONVOCATION CEREMONY-DTU

In its eleventh convocation, DTU awarded degrees to a total of 3918 students of undergraduate, postgraduate, & Ph.D., while 45 students were awarded Vice-Chancellor Gold Medals and 30 students were also given scholarships of about Rs. 30,4 500/-. Delhi Lieutenant Governor VK Saxena presided over the convocation ceremony DTU provided academic knowledge with real-world applications to its students, while Professor Prateek Sharma, Vice-Chancellor of DTU, highlighted the continuous efforts of the university in research, innovation, and community engagement.

In this programme, Dr. Anil Kakodkar, former Chairman, Atomic Energy Commission, addressed the convocation with emphasis on the important role of science and technology in nation building.

Read more at:
INSTAGRAM

# DTU NOVUS LITTERA

library@dtu.ac.in

December 20, 2024

# विजेता बनकर कुछ ऐसा करो कि जमाना याद करे : एलजी

## डीटीयू के दीक्षांत समारोह में एलजी वीके सक्सेना ने 3918 विद्यार्थियों को दी डिग्री

जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली: डीटीयू (दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय) के अपने 11वें दीक्षा समारोह में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी के 3918 विद्यार्थियों को डिग्रियां दीं। 45 विद्यार्थियों को कुलपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उपराज्यपाल ने सामाजिक चुनौतियों से निपटने के लिए अनुसंधान को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में 30 विद्यार्थियों को लगभग 30 लाख रुपये की छात्रवृत्ति भी दी गई है।

बृहस्पतिवार को आयोजित दीक्षा समारोह में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने विद्यार्थियों को विजेता बनने का आह्वान किया और कहा कि कुछ ऐसा करो कि जमाना याद करे। भाग्यशाली वो हैं, जिन्हें मौका मिला। प्रतिभाशाली वो हैं, जो मौका पैदा करते हैं और विजेता वो हैं, जो अवसर का सही उपयोग करते हैं। उपराज्यपाल ने विद्यार्थियों को अच्छा इंसान बनने की नसीहत दी और कहा कि डिग्री पढ़ाई के खर्च की रसीद होती है।

शिक्षा वही है जो आपको व्यवहार कुशल बनाती है। उन्होंने गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए डीटीयू प्रशासन की प्रशंसा की।



स्वर्ण पदक विजेता स्नातकोत्तर डाटा साइंस विद्यार्थी प्रभात रंजन को सम्मानित करते हुए उपराज्यपाल वीके सक्सेना • सौ. डीटीयू

डीटीयू के कुलपति प्रोफेसर प्रतीक शर्मा ने अनुसंधान, नवाचार और सामुदायिक जुड़ाव में विश्वविद्यालय के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला और पिछले शैक्षणिक वर्ष में डीटीयू की उपलब्धियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा. अनिल काकोडकर ने राष्ट्र निर्माण में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इससे पहले उपराज्यपाल ने विद्यार्थियों को डिग्रियां दीं और स्नातक में छात्र सजल अग्रवाल और स्नातकोत्तर (डाटा साइंस) में प्रभात रंजन को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुलपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। इनके अलावा उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए 43 मेधावी विद्यार्थियों को भी कुलपति मेडल से सम्मानित किया गया।

### तीन सुविधाओं का शुभारंभ

उपराज्यपाल ने डीटीयू में तीन महत्वपूर्ण सुविधाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने सामुदायिक विकास और अनुसंधान केंद्र (डब्ल्यूएस-13 और डब्ल्यूएस-16, केंद्रीय कार्यशाला मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग) का उद्घाटन किया। ऊर्जा संरक्षण में उत्कृष्टता के लिए नोडल केंद्र (एलडब्ल्यू 5-TF5, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग) की स्थापना वैश्विक ऊर्जा संरक्षण लक्ष्यों के साथ संधारणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में अग्रणी अनुसंधान के लिए की गई है। इसके अतिरिक्त, एबी4 की 8वीं मंजिल पर स्थित डीटीयू इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन फाउंडेशन (डीटीयू आइआइएफ) को स्टार्टअप और उद्यमियों के लिए लांच किया।

### इनको मिली डिग्री

- 2897 डिग्री स्नातक विद्यार्थियों को मिली।
- 809 डिग्री स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को मिलीं।
- 212 डिग्री पीएचडी स्कालर को मिलीं।

## गाउन–कैप की जगह भारतीय परिधान की झलक

- समारोह में धोती-कुर्ता, एथनीक, साड़ी पहनकर शामिल हुए विद्यार्थी
- स्नातक में टापर सजल माता-पिता व दादा के साथ पहुंचे

जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली: डीटीयू (दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय) के दीक्षा समारोह में इस बार बदला-बदला सा माहौल नजर आया। गाउन-कैप की जगह इस बार भारतीय परिधान की झलक देखने को मिली। धोती-कुर्ता से लेकर कुर्ता-पायजामा, साड़ी पहनकर कार्यक्रम में शामिल हुए। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से गाउन-कैप की जगह इस बार स्कार्फ दिया गया।

बृहस्पतिवार को दिनभर डीटीयू परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। डिग्री और मेडल पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। सेल्फी प्वाइंट पर विद्यार्थियों की भीड़ रही। हर कोई इस पल को अपने कैमरे में कैद करना चाहता था। इस बार दीक्षा समारोह में चूंकि गाउन-कैप की अनिवार्यता खत्म हो गई, इसलिए विद्यार्थी अपनी पसंद की ड्रेस पहनकर पहुंचे।आंध्र प्रदेश के ईस्ट गोदावरी के रहने वाले नक्का श्रीकृष्णा चैतन्य पारंपरागत धोती-कुर्ता पहनकर आइएमटेक की डिग्री ग्रहण करने वाले चैतन्य का कहना है कि वे अकेले दक्षिण भारतीय हैं। इसलिए उन्होंने तय किया कि कुछ अलग होना चाहिए। बसंत तोमर एथनीक जैकेट व कुर्ता-पायजामा पहनकर दीक्षा समारोह में अपनी डिग्री लेने पहुंचे। बड़ी संख्या में छात्राएं पारंपरागत साड़ी पहनकर कार्यक्रम में आईं। विद्यार्थियों के साथ उनके माता-पिता व परिवार के अन्य सदस्य भी दीक्षा समारोह में पहुंचे। स्नातक वर्ग में टापर सजल अग्रवाल अपने माता-पिता व दादा के साथ कार्यक्रम में पहुंचे।



डिग्री पाने के बाद खुशी से झूमते छात्र-छात्राएं • जागरण

डीटीयू के सेवानिवृत्त कर्मचारी ने 61 वर्ष की उम्र में ली पीएचडी डिग्री: उपराज्यपाल के हाथों डिग्री लेने वालों में फूल सिंह (61)शायद सबसे उम्रदराज विद्यार्थी होंगे।दिलचस्प यह है कि पीएचडी कर डाक्टर साहब बने फूल सिंह डीटीयू के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं।उन्होंने मास्टर इन इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी नौकरी के दौरान ही की। फूल सिंह कहते हैं कि पढ़ने का जज्बा हो तो उम्र के कोई मायने नहीं होते हैं। उम्र तो महज नंबर हैं। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले के गुड़हुड़ी गांव रहने वाले फूल सिंह ने वर्ष 200[illegible] में टेक्निकल स्टाफ मेंबर के तौर पर डीटीयू (तत्कालीन दिल्ली कालेज आफ इंजीनियरिंग)में नौकरी ज्वाइन की थी। नौकरी के दौरान 2010 में मास्टर इन इंजीनियरिंग (एमइ) की डिग्री ली।

# विजेता बनकर कुछ ऐसा करो की जमाना याद करे : एलजी

Read more at:

facebook

# DTU NOVUS LITTERA

library@dtu.ac.in

December 21 , 2024




## IIT से लेकर NSUT तक, ये हैं दिल्ली के टॉप 5 इंजीनियरिंग कॉलेज

Read more at:

ZEE NEWS

# DTU NOVUS LITTERA

library@dtu.ac.in

December 20, 2024




## हरिओम प्रकाश वर्मा ने अपने अभूतपूर्व शैक्षणिक उपलब्धियों से बढ़ाया जिले का मान

**Read more at:**

COMPUTER JAGAT

# DTU NOVUS LITTERA

library@dtu.ac.in

NEWSLETTER COMPILED BY : ANNU SHARMA (LIBRARY TRAINEE )
EMAIL ID : annusharma73958@gmail.com
PUBLIHSER : DTU CENTRAL LIBRARY, DELHI TECHNOLOGICAL UNIVERSITY

**Read more at:**

**COMPUTER JAGAT**